जल स्तर के लिए बारिश के बूंद-बूंद पानी को सहेजने की जरूरत : गजेन्द्र सिंह

बीकानेर, (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार ने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में जनकल्याण को सर्वोपरि रखते हुए कार्य किए हैं, जिससे अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को संबल मिला है।

खींवसर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य सरकार के डेढ़ वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों, फ्लैगशिप एवं अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन तथा बजट घोषणाओं की प्रगति समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। गजेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन, सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए प्रभारी मंत्री और सचिव स्तर पर पहली बात सतत समीक्षा की जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी इसकी गंभीरता समझें और कार्य करें। बजट की प्रत्येक घोषणा का लाभ लक्षित वर्ग को मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने वर्तमान सरकार द्वारा अब तक जारी दोनों बजट की घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घोषणा के क्रियान्वयन की समय सीमा का ध्यान रखें। विभागीय अधिकारी इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें।

प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाएं अंत्योदय कल्याण की भावना को परिलक्षित करती हैं। पहली बार पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव जैसी महत्वाकांक्षी योजना लागू की गई हैं। वहीं मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, लाडो प्रोत्साहन योजना, अटल प्रगति पथ तथा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन जैसी योजनाएं और कार्यक्रम आमजन को आधारभूत सुविधाएं और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी सरकार की भावना के अनुरूप कार्य करें तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाएं।



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा बीकानेर जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

गजेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में चलाए जा रहे 'हरियालो राजस्थान' अभियान के दूरगामी परिमाण सामने आयेंगे। इससे राजस्थान हरित प्रदेश के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पौधारोपण सुनिश्चित किया जाए। स्थानीय प्रजातियों के पौधे अधिक से अधिक लगाए जाएं। उन्होंने जिले की नर्सरियों में तैयार और वितरित पौधों की स्थिति जानी। उन्होंने कहा कि रविवार को हरियाली तीज के अवसर पर प्रदेश एक बार फिर पौधारोपण का कीर्तिमान स्थापित करेगा।

प्रभारी मंत्री ने गिरते भू-जल स्तर पर चिंता जताई और बरसात के बूंद-बूंद पानी को सहेजने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत परम्परागत जलस्त्रोतों के संरक्षण और मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत बरसाती जल संग्रहण के स्ट्रक्चर बनवाए जा रहे हैं।

प्रभारी मंत्री ने पीएम आवास शहरी और ग्रामीण, व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालय निर्माण, मुख्यमंत्री थार क्षेत्र विकास कार्यक्रम, जल जीवन मिशन सहित अनेक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक पात्र परिवारों को जोड़ें। उन्होंने जिले में

■ परम्परागत जलस्रोतों के संरक्षण और मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत बरसाती जल संग्रहण के स्ट्रक्चर बनवाए जा रहे हैं

विभिन्न विभागों के प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। इनकी समय सीमा के बारे में जाना। पंच गौरव अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए और कहा कि यह स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन और पर्यटन एवं खेलों के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण साबित होगा। विधायक सिद्धि कुमारी ने कहा कि सूरसागर में जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान किया जाए। उन्होंने बरसात के बाद सड़क मरम्मत और नवीनीकरण का कार्य प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि पीएमएसवाई ग्रामीण के तहत 35 हजार तथा शहरी के तहत दस हजार पक्के आवास बनाने का लक्ष्य है। बैठक में पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, बीडीए आयुक्त अपर्णा गुप्ता, जिला परिषद के सीईओ सोहनलाल, अतिरिक्त कलेक्टर नगर रमेश देव, सुमन छाजेड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

तीज उत्सव में महिलाओं से संवाद करेंगी रूमा

बीकानेर, (कासं)। राजीविका की स्टेट ब्रांड एंबेसडर व राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित रूमा देवी रविवार को प्रातः 11 से सायं 4 बजे तक जयपुर रोड स्थित कृष्णांगन में आयोजित होने वाले 'सावन तीज महोत्सव' में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी।

मदर्स करमा फाउंडेशन की सुमन चौधरी ने बताया कि महिलाओं की सांस्कृतिक भागीदारी, पारंपरिक कला-संस्कृति के संरक्षण और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में महिलाओं की सक्रिय भूमिका को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें मुख्य अतिथि रूमा देवी, नोखा विधायक सुशीला डूडी और लक्ष्मी देवी सहित विभिन्न क्षेत्र की प्रमुख महिलाएं भाग लेंगी।

सावन उत्सव में विभिन्न पारंपरिक लोक प्रस्तुतियां, मेहंदी-सजावट, सावन गीत, रक्षाबंधन संबंधी प्रतियोगिताएं व महिला उद्यमिता प्रदर्शनी जैसी गतिविधियां होंगी। रूमा देवी फाउंडेशन की प्रवक्ता कविता कुमारी ने बताया कि रूमा देवी द्वारा बीकानेर की ग्रामीण व शहरी महिलाओं के साथ आत्मनिर्भरता, कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसरों पर संवाद किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि अन्तरराष्ट्रीय फैशन डिजाइनर रूमा देवी को अमेरिका की हावर्ड विश्वविद्यालय ने बतौर अतिथि आमंत्रित किया था। वहीं राष्ट्रपति सम्मान के साथ केबीसी, इंडियन आयडल जैसे टीवी शो में भागीदारी के साथ अनेक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार व सम्मान से मिले हैं।

सार-समाचार

पति-पत्नी ने पौधारोपण किया

मोहन सुराणा ने सपत्नीक जोड़े से 'एक पेड़ मां के नाम' लगाकर पौधारोपण किया।

बीकानेर,(कासं)। हरियालो राजस्थान की कल्पना को साकार करने के लिए पति-पत्नी ने जोड़े के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' लगाया। सुजानदेसर की गोचर भूमि के पास इसके लिए बड़े भू-भाग पर श्री तोलाराम जेठीदेवी सुराणा ट्रस्ट ने आगे आकर इक्यावन पौधे पति-पत्नी के साथ व 200 पौधे समाजसेवी आमजन के साथ पौधारोपण किया। फल-फूल और छायादार पौधे तैयार करवाकर लगवाने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में शनिवार को भादवे की दूज पर सपत्नीक पौधारोपण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं पुरूषो ने भाग लिया। मां के नाम पौधारोपण की बात आई तब पत्नी ने अपनी मां के साथ सास के नाम का भी पौधा लगाकर यह साबित किया कि बेटी और बहु एक समान होते हैं। वहीं पति ने भी एक पौधा अपनी सासू मां के नाम का रोपित कर हरियालो राजस्थान के साथ हंसी-खुशी रहने वाले परिवार की परिकल्पना को भी साकार किया। तोलाराम जेठी देवी सुराणा ट्रस्ट के फाउंडर मोहन सुराणा ने बताया कि वे प्रथम चरण में इकतीस हजार पौधे रोपण के संकल्प के साथ अभी तक अठारह हजार वितरण कर दिये गये है। इस दौरान हर वर्ग और क्षेत्र से जुड़े लोगों की सहभागिता के साथ खेजड़ी, नीम, पीपल, बिल्वपत्र, तुलसी, नींबू, जामुन, आंवला सहित हर वह पौधे लगवायेंगे जो राज्य की जलवायु के अनुकूल रहते हैं और बढ़ते हैं। तोलाराम जेठीदेवी सुराणा ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष मोहन सुराणा ने बताया कि कार्यक्रम किसान आयोग अध्यक्ष सी.आर. चौधरी, चंपालाल गेदर, भाजपा शहर अध्यक्ष सुमन छाजेड़, विजय आचार्य, सत्यप्रकाश आचार्य, नरेश नायक, श्याम चौधरी, हनुमान सिंह चावड़ा, दीपक पारीक, जितेंद्र सिंह राजवी, सांगीलाल गहलोत, कुणाल कोचर, उपासना जैन, सत्यप्रकाश सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी महिलाएं व पुरूष शामिल हुए। वहीं भाजपा जस्सूसर मंडल ने पौधरोपण किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष जे.पी.व्यास ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम सही मायने में अपनी मां के साथ मातृशक्ति के प्रति सम्मान है। हम अपने जन्म दिन व अन्य मांगलिक अवसरों पर एक पौधा लगाएं।

नोखा-बीकानेर में एक घंटे झमाझम बारिश, खेतों में भरा पानी

नोखा, (कासं)। शनिवार को एक सप्ताह बाद फिर बारिश का दौर शुरू हुआ। सुबह से आसमान में बादल छाये रहे। दोपहर 12 बजे के बाद हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई।

करीब एक घंटे तक हुई बारिश ने पूरे शहर को तरबतर कर दिया। सड़कें जलमग्न हो गई। बारिश के बाद भी बीच-बीच में बूंदाबांदी होती रही। इससे मौसम खुशगवार हो गया और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। बारिश से नोखा शहर में कई जगह पानी भर गया। रेलवे अंडरब्रिज मे पानी जमा हो गया। नेशनल हाईवे और निचले इलाकों में भी पानी भर गया। गलियों की टूटी सड़कों के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

राहगीर प्रशासन की व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। नोखा उपखंड मुख्यालय के साथ-साथ आसपास के कुछ गांवों में भी अच्छी बारिश होने के

■ सूख रही फसलों को बारिश से जीवनदान मिला

समाचार मिले हैं। इस बारिश से किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। पिछले दिनों बारिश न होने से फसलें प्यासी हो गई थी। अब इस बारिश का बारानी खेतों में खड़ी फसलों को फायदा मिलेगा। बारिश के दौरान कई लोग वाहनों पर सवार होकर बारिश का आनंद लेते भी नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी बारिश की संभावना बनी हुई है।

बारिश ने दी गर्मी से राहत : तीन दिन तक लगातार तेज गर्मी के बाद बीकानेर में शनिवार को तेज बारिश ने राहत दी। दोपहर बाद शुरू हुई रिमझिम बारिश ने न सिर्फ शहर में बल्कि गांवों में भी बरसते हुए तापमान को कम कर दिया है। बीकानेर शहर में जहां हल्की बारिश से राहत मिली है। वहीं लूणकरनसर, महाजन व अरजनसर के गांवों में तेज बारिश से किसानों के खेत पानी से लबालब हो गए।

मौसम विभाग ने बीकानेर में बारिश की उम्मीद जताई थी। दोपहर बाद करीब तीन बजे हल्की बूंदाबांदी हुई और इसके बाद चार बजे तक रिमझिम बारिश का दौर चला। रूक-रूककर दो बार रिमझिम बारिश ने शहर की सड़कों को भिगो दिया। जैसलमेर रोड, नाल, महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी, जवाहर नगर, अंत्योदय नगर, गंगानगर सर्किल, बस स्टैण्ड, श्रीगंगानगर रोड, कीर्ति स्तम्भ, पब्लिक पार्क, जूनागढ़, कलेक्ट्रेट, जयपुर रोड, म्यूजियम सर्किल, पीबीएम अस्पताल सहित अधिकांश क्षेत्रों में हल्की बारिश से मौसम में बदलाव देखा गया।

234 चालान काटे, 81 शराबी चालक गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस ने सक्रियता बढ़ा दी है। जिले के सभी थानों द्वारा सायंकालीन गश्त और नाकाबंदी के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन ड्राइवरों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

इस अभियान में एम.वी. एक्ट के तहत कुल 234 चालान काटे गए। 81 लोगों को शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और उनके वाहन सीज किए गए। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि यह कार्रवाई संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन जांच के तहत की गई। अभियान के दौरान लगभग 700 दोपहिया और चारपहिया वाहनों को चैक किया गया। पुलिस की कार्रवाई में 50 वाहन बिना नंबर प्लेट के पाये गए। इनके खिलाफ चालान बनाए गए। 41 वाहनों पर काली फिल्म लगी मिली।

चाचा-भतीजे पर सरिये से हमला कर रूपये लूटे

बीकानेर, (कासं)। लूणकरनसर कस्बे में देर रात करीब दस बजे दुकान बंद करके घर जा रहे दुकानदार पर एसबीआई बैंक के पास हमला कर दिया गया। दुकानदार के सिर पर लोहे के सरिये से हमला किया गया, जिससे वो गंभीर घायल हो गया।

आरोप है कि तीन युवक पहले से घात लगाकर बैठे थे और दुकानदार के वहां पहुंचते ही हमला कर दिया। रात दस बजे रेलवे क्रासिंग के पास से दुकानदार पीथाराम खण्डेलवाल अपने भतीजे नेमचंद के साथ घर जा रहा था। तीन युवकों ने कालू रोड पर एसबीआई बैंक के सामने पीथाराम खण्डेलवाल की बाइक रूकवा ली। कुछ समझ आता इससे पहले ही पीथाराम के सिर पर सरिये से हमला हो चुका था।

भतीजे नेमचंद ने लुटेरों का सामना किया तो हमलावर भाग गए। पीथाराम के गले में टंगे बैग तो लुटेरे नहीं छीन सके लेकिन जेब में रखे रूपए लूट ले

■ लूणकरनसर में रात करीब दस बजे दुकान बंद करके घर जा रहे दुकानदार के सिर पर सरिये से हमला कर बदमाशों ने की लूटपाट

गए। पीथाराम और भतीजे के भी चोट लगी है।

दोनों को लूणकरनसर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने घायल चाचा-भतीजे के बयान लिए है। हैड कांस्टेबल श्यामलाल भाम्भू ने बताया कि घटना स्थल का मौका मुआयना किया गया है। आरोपी स्थानीय होने की संभावना है और पुलिस तलाश कर रही है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/4249 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 22.7.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती निर्मला बाजोरिया पत्नी स्व. श्री दिनेश कुमार निवासी बी-11, रिद्धि सिद्धि प्रथम, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण		
भूखंड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	मृत्यु प्रमाण पत्र व विवरण	जायज वारिसों का विवरण	दस्तावेज का विवरण
चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 42 के किला नं. 08 में भूखंड माप 15x48 फीट भू.सं. ए-9, रिद्धि सिद्धि प्रथम, श्रीगंगानगर	आवासीय नियमन पट्टा स. 4913 दि. 14.01.2016 को श्री अंकित जैन पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार के नाम से जारी है। जो आज की तिथि में दर्ज है। पट्टाधारक द्वारा दिनेश बाजोरिया को विक्रय किया गया।	श्री दिनेश बाजोरिया की मृत्यु दिनांक 25.12.2024 को हो चुकी है।	1. निर्मला देवी-पत्नी 2. निकीता गोयल-पुत्री 3. पूजा बंसल-पुत्री 4. अनमीश कुमार बाजोरिया - पुत्र 5. रीतू गोयल-पुत्री	श्री दिनेश बाजोरिया की मृत्यु उपरांत इनके वारिसों द्वारा दिनांक 05.06.2025 को श्रीमती निर्मला बाजोरिया के हक में हकत्याग किया गया। श्रीमती निर्मला बाजोरिया द्वारा दस्तावेजों की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड का अपने नाम से नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती निर्मला बाजोरिया पत्नी स्व. श्री दिनेश कुमार निवासी बी-11, रिद्धि सिद्धि प्रथम, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/483 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/4256 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 25.7.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती निर्मला बाजोरिया पत्नी श्री दिनेश कुमार निवासी बी-11, रिद्धि सिद्धि, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण		
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	मृत्यु प्रमाण पत्र व विवरण	जायज वारिसों का विवरण	दस्तावेज का विवरण
चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 56 के किला नं. 05 में भूखंड माप 20 इंटू 40 फीट भू.सं. बी-11 रिद्धि सिद्धि प्रथम, श्रीगंगानगर	आवासीय नियमन पट्टा स. 12265 दिनांक 02.10.2021 को श्री दिनेश बाजोरिया पुत्र श्री नंद किशोर बाजोरिया के नाम से जारी है। जो आज की तिथि में दर्ज है।	श्री दिनेश बाजोरिया की मृत्यु दिनांक 25.12.2024 को हो चुकी है।	1. निर्मला देवी बाजोरिया - पत्नी 2. निकिता गोयल-पुत्री 3. पूजा बंसल-पुत्री 4. अनमीश कुमार बाजोरिया - पुत्र 5. रीतू गोयल	जायज वारिसानों द्वारा दिनांक 05.06.2025 को श्रीमती निर्मला बाजोरिया पत्नी श्री दिनेश कुमार के हक में किया गया। श्रीमती निर्मला बाजोरिया द्वारा उक्त भूखंड का अपने नाम से नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती निर्मला बाजोरिया पत्नी श्री दिनेश कुमार निवासी बी-11, रिद्धि सिद्धि, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/490 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/ 2025/4259 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 25/07/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनिंदर सिंह पुत्र श्री लाल सिंह जज निवासी श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण		
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	मृत्यु प्रमाण पत्र एवं विवरण	जायज वारिसों का विवरण	दस्तावेज का विवरण
चक 1 ए छोटी मुरब्बा सं. 57 के किला सं. 15 में भूखण्ड माप 30 इन्टू 50 फीट भूखण्ड संख्या 24 पार्ट, श्रीगंगानगर	आवासीय नियमन पट्टा सं. 14402 दिनांक 07.04.2022 को अमर पाल जोरा पुत्र श्री राजपाल जोरा एवं श्रीमती शशि कला जोरा पत्नी श्री राजपाल जोरा के नाम से जारी है। जो आज कि तिथि में दर्ज है।	श्रीमती शशि कला की मृत्यु दिनांक 20.12.2023 को हो चुकी है।	1. अमर पाल जोरा-पुत्र 2. अमित पाल जोरा-पुत्र (अमित पाल जोरा द्वारा पंजीकृत हकत्याग दिनांक 14.01.2025 को श्री अमर पाल जोरा के हक में किया गया)	श्री अमर पाल जोरा द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 03.03.2025 माप 15 इन्टू 50 फीट विक्रय किया गया। श्री मनिंदर सिंह पुत्र श्री लाल सिंह जज निवासी श्रीगंगानगर द्वारा उपविभाजन उपरान्त दस्तावेजों की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का अपने नाम से नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्री मनिंदर सिंह पुत्र श्री लाल सिंह जज निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिए कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/476 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/ 2025/4258 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 25/07/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रोहित गांधी पुत्र श्री रविन्द्र गांधी निवासी श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण		
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	मृत्यु प्रमाण पत्र एवं विवरण	जायज वारिसों का विवरण	दस्तावेज का विवरण
चक 1 ए छोटी मुरब्बा सं. 57 के किला सं. 15 में भूखण्ड माप 30 इन्टू 50 फीट भूखण्ड संख्या 24 पार्ट, श्रीगंगानगर	आवासीय नियमन पट्टा सं. 14402 दिनांक 07.04.2022 को अमर पाल जोरा पुत्र श्री राजपाल जोरा एवं श्रीमती शशि कला जोरा पत्नी श्री राजपाल जोरा के नाम से जारी है। जो आज कि तिथि में दर्ज है।	श्रीमती शशि कला की मृत्यु दिनांक 20.12.2023 को हो चुकी है।	1. अमर पाल जोरा-पुत्र 2. अमित पाल जोरा-पुत्र (अमित पाल जोरा द्वारा पंजीकृत हकत्याग दिनांक 14.01.2025 को श्री अमर पाल जोरा के हक में किया गया)	श्री अमर पाल जोरा द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 03.03.2025 माप 15 इन्टू 50 फीट विक्रय किया गया। श्री रोहित गांधी द्वारा उपविभाजन उपरान्त दस्तावेजों की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का अपने नाम से नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्री रोहित गांधी पुत्र श्री रविन्द्र गांधी निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिए कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/475 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/ 2025/4257 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 25/07/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सिमरन जीत सिंह पत्नी श्री हरबंस सिंह निवासी चक 38 बीबी, श्री विजयनगर, अनूपगढ़ के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण		
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	मृत्यु प्रमाण पत्र एवं विवरण	जायज वारिसों का विवरण	दस्तावेज का विवरण
चक 4 ए छोटी मुरब्बा सं. 06 के किला सं. 17 में भूखण्ड माप 30' गुणा 60' फीट भूखण्ड संख्या ई-32 पार्क एवेन्यु, श्रीगंगानगर	आवासीय नियमन पट्टा सं. 10936 दिनांक 04.03.2021 को श्री कश्मीरी लाल पुत्र श्री तेजभान के नाम से जारी है। जो आज कि तिथि में दर्ज है।	श्री कश्मीरी लाल की मृत्यु दिनांक 05.04.2022 हो चुकी है।	1. सुनील कुमार - पुत्र	उक्त भूखण्ड को श्री सुनील कुमार द्वारा जरिये रजिस्ट्री श्रीमती सिमरन जीत सिंह को बेचान कर दिया गया। श्रीमती सिमरन जीत सिंह द्वारा न्यास में नामान्तरण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्रीमती सिमरन जीत सिंह पत्नी श्री हरबंस सिंह निवासी चक 38 बीबी, श्री विजयनगर, अनूपगढ़ द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिए कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/470 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/ 2024 / 4254 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 23/07/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सतीश कुमार शर्मा पुत्र श्री राधा कृष्ण शर्मा निवासी 34 अग्रसेन चौक के पास संजय गांधी कॉलोनी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण	
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	मृत्यु प्रमाण पत्र एवं विवरण	दस्तावेज का विवरण
चक 6 ई छोटी मुरब्बा सं. 04 के किला सं. 21 में भूखण्ड माप 30 इन्टू 30 फीट भूखण्ड संख्या ए-2 श्रीगंगानगर	आवासीय नियमन पट्टा सं. 1403 दिनांक 30.07.2013 को श्रीमती सावित्रि देवी पत्नी श्री राधाकृष्ण शर्मा के नाम से जारी है। जो आज कि तिथि में दर्ज है।	श्रीमती सावित्रि देवी की मृत्यु दिनांक 30.03.2024 को हो चुकी है।	श्रीमती सावित्रि देवी की मृत्यु उपरान्त श्री सतीश कुमार शर्मा वसीयतनामा दिनांक 13.08.2013 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्री सतीश कुमार शर्मा पुत्र श्री राधा कृष्ण शर्मा निवासी 34 अग्रसेन चौक के पास संजय गांधी कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिए कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/472 - सचिव नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

स्काउट-गाइड ने मनाया कारगिल विजय दिवस

बीकानेर, (कासं)। भारत माता की जय-जयकारों के साथ आज स्थानीय शांति विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय शीतला गेट मे कारगिल विजय दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन शाला की करूणा क्लब इकाई एवं स्काउट गाइड टीम ने किया। कार्यक्रम का आगाज करते हुए संस्था के कब मास्टर रमेश कुमार मोदी ने 'जीना है तो, मरना सीखो, देश की सेवा करना सीखो' का नारा देते हुए कारगिल युद्ध में भारत माता के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

साथ ही बताया कि सन् 1999 में पाकिस्तान की सेना और आतंकवादियों ने छिपकर भारत की कारगिल की पहाडियों पर कब्जा कर लिया। जब भारतीय सेना को इसकी जानकारी मिली तो हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन विजय नामक अभियान शुरू किया। साथ ही बताया कि यह युद्ध 60 से अधिक दिनों तक चला और अंततः 26 जुलाई 1999 को भारत ने संपूर्ण कारगिल पर विजय प्राप्त की।

इस अवसर पर शाला प्रधान हनुमान छींपा ने भारत माता की जयकार घोष लगाते हुए बताया कि युद्ध में 527 से अधिक भारतीय सैनिक शहीद हुए जिसमें कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज पांडे, ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव और राइफलमैन संजय कुमार जैसे वीरों ने अदम्य साहस दिखाया और परमवीर चक्र जैसे उच्चतम सैन्य सम्मान प्राप्त किए।

कोलायत से बीकानेर तक कावड़ यात्रा

बीकानेर, (कासं)। श्रावण मास की भक्ति लहर के बीच बीकानेर के श्रद्धालु युवाओं ने श्रीकोलायत से बीकानेर तक डाक कावड़ यात्रा का आयोजन कर शिवभक्ति का अद्वितीय परिचय दिया।

यह यात्रा पूरी तरह अनुशासित, संगठित और आस्था से परिपूर्ण रही। विशेष बात यह रही कि पूरी यात्रा मात्र तीन घंटे में सम्पन्न की गई, जो समर्पण और ऊर्जा का स्पष्ट प्रतीक बनी। इस डाक कावड़ यात्रा मंत बीकानेर के युवा कावड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा का समापन नत्थूसर बास स्थित विवेकनाथ की बगेची स्थित बिलेश्वर महादेव मंदिर में हुआ जहां शिवलिंग पर पंडित गौरव बोहरा ने विधिपूर्वक सहस्त्रधारा जलाभिषेक कराया।

ओलंपिक में पदक लाने वाले खिलाड़ियों को मिलेगी धनराशि

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान के कुश्ती खिलाड़ियों को अब एशियाड और ओलंपिक खेलों में पदक जीतने पर प्रदेश कुश्ती संघ की ओर से नगद राशि दी जायेगी। इतना ही नहीं कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए हर राज्य में एक आधुनिक सुविधाओं वाला अखाड़ा भी तैयार किया जायेगा।

बीकानेर में राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजेश दत्ता ने पत्रकारों से बातचीत में ये जानकारी दी। दत्ता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के विशेषाधिकारी भी हैं। दत्ता ने बताया कि ओलंपिक और एशियाड खेलों में 30 फीसदी पदक कुश्ती से ही आते हैं। इसमें बड़ा हिस्सा हरियाणा के खिलाड़ियों का है। अब राजस्थान भी

■ अब एशियाड और ओलंपिक खेलों में पदक जीतने पर प्रदेश कुश्ती संघ की ओर से खिलाड़ियों को नगद राशि दी जायेगी

इसमें भागीदारी निभायेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान के अधिकांश जिलों में पुराने अखाड़े हैं, जिसमें मिट्टी के बीच खिलाड़ी खेलता है। अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में मिट्टी के बजाय मेट या गद्दे होते हैं। इसी कारण अब राजस्थान के हर जिले में एक आधुनिक अखाड़ा तैयार किया जायेगा।

इससे प्रदेश के सभी खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में असहज नहीं होना पड़ेगा। दत्ता ने बताया कि राज्य के खिलाड़ी अगर पदक जीतते हैं तो उन्हें एक लाख रूपए तक का नगद पुरस्कार दिया जायेगा। ये राशि राज्य व केन्द्र सरकार की ओर से मिलने वाली राशि से अलग होगी। ह्नोंने कहा कि आने वाले समय में कुश्ती के खिलाड़ियों की संख्या भी बढ़ेगी और पदक लाने वाले खिलाड़ी भी बढ़ेंगे। दत्ता ने कहा कि राजस्थान में कुश्ती का एक ही संघ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में कुश्ती संघ को एक करके आगे बढ़ने का प्रयास किया जा रहा है।

महिला किसानों को मूंगफली में होने वाले रोगों के उपचार की जानकारी दी

बीकानेर, (कासं)। खरीफ की फसल मूंगफली में होने वाले विभिन्न रोगों से बचाव, उपचार, खरपतवार से बचाव सहित विभिन्न आयामों पर किसानों में जागरूकता के लिए स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विशेष पहल की गई है।

विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव पेमासर में आज मूंगफली फसल में पादप संरक्षण पर एक विशेष संस्थागत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस दौरान किसानों को मूंगफली में होने वाले विभिन्न रोग जैसे जड़ गलन, कॉलर रोट एवं टीका बीमारी आदि के बारे में जानकारी देते हुए किसानों की शंकाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम में कुलगुरू डॉ. अरूण कुमार ने कहा कि मूंगफली फसल में होने वाले रोग का सही समय पर सही उपचार कर अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। किसानों को

कृषि विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव पेमासर में डॉ दाताराम ने मूंगफली में होने वाले रोगों के उपचार की महिला कृषकों को विस्तार से जानकारी दी।

पूरी जानकारी देने के लिए विश्वविद्यालय निरंतर सहयोग करेगा। जैविक कृषि अपनाने पर जोर देते हुए डॉ अरूण कुमार ने कहा कि किसान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा मूंगफली के वैल्यू एडिशन पर प्रशिक्षण का भी लाभ लें।

पेमासर सरपंच तोलाराम कूकना ने विश्वविद्यालय द्वारा दी गई तकनीक

■ मूंगफली में पादप संरक्षण पर संस्थागत प्रशिक्षण आयोजित

की जानकारी का लाभ लेने का आव्हान किया। प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ नीना सरीन ने प्रशिक्षण के उद्देश्य पर विस्तृत बात रखी। डॉ दाताराम ने मूंगफली में जड़ गलन, कॉलर रोट एवं टीका बीमारी तथा उपचार की जानकारी दी।

डॉ हनुमान लाल देशवाल ने मूंगफली में लगने वाले मुख्य कीट सफेद लट व हरी लट के नियंत्रण की तथा डॉ. मदन लाल रेगर ने मूंगफली मे पोषक तत्व प्रबंधन, डॉ. शीशपाल सिंह ने मूंगफली में होने वाले विभिन्न खरपतवारों व उपचार की जानकारी दी और किसानों के सवालों के प्रत्युत्तर भी दिए।

सामूहिक शिव पूजन 7 को

बीकानेर, (कासं)। आचार्य वेणीदास परिवार का सामूहिक शिव पूजन और महाप्रसाद (गोठ) का आयोजन 7 अगस्त को बीकाजी की टेकरी के पास स्थित आचार्य रघुनाथ बगीची में होगा।

इसकी पूर्व तैयारियों से जुड़ी बैठक शुक्रवार देर शाम रघुनाथ बगीची में हुई। इसमें आचार्य महानंद ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, धरणीधर ट्रस्ट के अध्यक्ष नन्दकिशोर आचार्य, रघुनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष ब्रह्मदत्त आचार्य, पोकर पोता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. विजय शंकर आचार्य और बृजरतन आचार्य ने आमराय से पूजन की तिथि का निर्धारण किया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले स्वजातीय बंधुओं को आमंत्रित करने और पूजन व्यवस्था सहित कई बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

आचार्य वेणीदास परिवार द्वारा प्रतिवर्ष आचार्य जाति के सभी सदस्यों एवं सामूहिक गोठ का आयोजन सावन मास में किया जाता है। इसका आयोजन महानंद महादेव मंदिर, धरणीधर महादेव मंदिर और रघुनाथ मंदिर में बारी-बारी से किया जाता है।